## महत्वपूर्ण एवं खास



### नक्सलियों ने धारदार हथियार से 1 ग्रामीण की हत्या कर दी

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के उसूर थाना क्षेत्र अंर्तगत ग्राम गलगम में नक्सलियों ने बीती रात धारदार हथियार से 01 ग्रामीण सोमलू माड़वी की हत्या कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सोमलू माड़वी ग्राम गलगम में अपने ससुराल गया था, बीती रात 08-10 नक्सली वहां पंहुचकर सोमलू माड़वी को अपने साथ ले जाकर धारदार हथियार से हत्या कर दिया। बीजापुर एसपी अंजनेय वार्ष्णेय ने ग्रामीण के हत्या की पुष्टि की है। नक्सलियों द्वारा ग्रामीणों की हत्या का सिलसिला अनवरत जारी है, नक्सली अब किसी बड़ी वारदात को अंजाम नही दे पा रहे हैं, इसके स्थान पर मुखबीरी के आरोपों में ग्रामीणों की हत्या करना, वाहनों पर आगजनी एवं रेल याताया को नुकसान करने की वारदात को अंजाम देकर अपनी मौजूदगी और आतंक के साम्राज्य को बनाये रखने के लिए रणनीति पर काम कर रहे हैं।

### बोगला पंगुड के जंगल में जवानों ने नक्सली कैंप किया ध्वस्त

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत बोगला पंगुड के पहाड़ी-जंगल में नक्सलियों की सूचना पर मोदकपाल से जवानों को रवाना किया गया था। मोदकपाल थाना क्षेत्र अंतर्गत बोगला पंगुड के जंगल में रविवार की सुबह 10-11 बजे के पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दोनों ओर से फायरिंग के बाद नक्सलियों ने अपने को कमजोर पाकर जंगल की ओर भाग खड़े हुए। जवानों के द्वारा इलाके की सर्चिंग में नक्सली कैंप से बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामाग्री बरामद होने की जानकारी मिल रही है। लगातार दो दिनों से हो रही भारी बारिश के चलते नक्सलियों ने सुरक्षित स्थान में कैंप लगाया था। बीजापुर एसपी आंजनेय वार्ष्णेय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि भारी बारिश में जवानों ने आपरेशन चलाया है, इसमे कामयाबी भी मिली है, नक्सली कैंप से भारी मात्रा में नक्सल सामाग्री बरामद हुए है। सर्चिंग जारी है, बारिश से थोड़ा व्यवधान उत्पन्न हो रहा है, जवानों की वापसी के बाद विस्तृत जानकारी मिलेगी।

### मुठभेड़ में 69 माओवादियों के मारे जाने की स्वीकारोक्ति पर पुलिस का दावा चार गुने ढेर

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर में माओवादियों को एक वर्ष में संयुक्त पुलिस बल ने काफी नुक़सान पहुंचाया है जिसमें 69 माओवादी मारे गए हैं। यह बात स्वयं माओवादियों ने श्रद्धांजलि सभा में कबूली है। जबकि पुलिस अधिकारियों का दावा है कि इससे तिगुनी संख्या में माओवादी नेता सहित अन्य कैडर मारे गए हैं। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी माओवादी संगठन ने सुकमा व बीजापुर जिले में एक बड़ी श्रध्दांजलि सभा 28 जुलाई से 3अगस्त तक आयोजित की। जिसमें बस्तर के दंडकारण्य क्षेत्र में 69 माओवादियों के मुठभेड़ में मारे जाने की बात स्वीकार की गई है। वहीं कोरोना, पेचिस, डायरिया सहित जलजनित व अन्य बीमारियों में भी मौत की बात कही जा रही है। इनमें 34 महिला माओवादी, 21 पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी के मेंबर शामिल बताये जा रहे हैं। इसी के साथ इस संगठन के अक्की राजू उफऱ् राजगोपाल, दीपक तेलतूमड़े व एक साल में रीजनल कंपनी 2 के चार सदस्य, बिहार झारखंड के 8, पूर्वी बिहार पूर्वोत्तर झारखण्ड के 13, दंडकारण्य के 69, ओडिशा के 1, एओबी के 3, आंध्रा के 2 नक्सली शामिल बताये जा रहे हैं। शहीदी सप्ताह के आखिरी दिन बस्तर और तेलंगाना बॉर्डर सभा में नक्सलियों ने मारे गए साथियों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान माओवादी नेताओं ने माओवादियों की केंद्रीय कमेटी की तरफ से जारी 20 पन्नों का संदेश वाचन भी किया। माओवादियों के मुताबिक साल भर में मुठभेड़, बीमारी और कई दुर्घटनाओं में 124 नक्सलियों की मौत हुई है। जिसमें केंद्रीय कमेटी मेंबर और पोलित ब्यूरो मेंबर हर गोपाल उर्फ रामकृष्ण, मिलिंद उर्फ दीपक तेल तुमड़े, संदीप राव उर्फ विजय, बाबू राव, ललिता आलुरी, उपगंटी निर्मला उर्फ नर्मदा, डक्कू रमेश शामिल हैं। दूसरी तरफ पुलिस के बड़े अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि माओवादियों को एक वर्ष में भारी नुक्सान हुआ है, वह जो आंकड़े बता रहे हैं उससे कहीं ज्यादा नुकसान हुआ है बल्कि चार गुने से ज्यादा मओवादी मारे गए। मुठभेड़ में ज्यादा नुक्सान और स्वास्थ्यगत कारणों से कम नुकसान हुआ है।

# हत्या के फरार आरोपियों को घर में सरंक्षण देने वाला आरोपी गया जेल

- दो गुटों की लडाई में आरोपियों ने दूसरे पक्ष के लड़कों के बाइक पर चढा दी थी कार, एक की मौत
- कोसीर थाने में आरोपियों पर हत्या का दर्ज है अपराध

**रायगढ़।** दिनांक 06.07.2022 को थाना प्रभारी कोसीर निरीक्षक रूपेन्द्र नारायण साय द्वारा थाने के मर्ग क्रमांक 12/22 धारा 174 CrPC के मृतक बीरूदास पिता कांशीदास उम्र 19 वर्ष साकिन बालपुर की मर्ग जांच पर आरोपी चिंकी ऊर्फ प्रशांत, दीप कुर्रे, गिरजा व अन्य पर हत्या तथा हत्या का प्रयास का अपराध दर्ज किया गया है। घटना के बाद से नामजद आरोपी तथा उनके साथी गांव, घर से फरार हैं, कोसीर पुलिस लगातार फरार आरोपियों के घर व रिस्तेदारों के घर दबिश देकर पतासाजी कर रही है। इसी दरम्यान कोसीर पुलिस ने फरार दो आरोपी चिंकी ऊर्फ प्रशांत तथा दीप कुर्रे को घर में संरक्षण देने वाले उसके रिस्तेदार निरंजन बंजारे को गिरफ्तार किया गया है, आरोपी निरंजन बंजारे दोनों आरोपियों और घटना में प्रयुक्त वैगन आर कार को घर में छिपाकर रखा गया था। मुखबिर सूचना पर दिनांक 06.08.2022 को पुलिस निरंजन के घर दबिश दिया गया, कुछ देर पहले ही आरोपी अपने घर से दोनों को भगा दिया था। पुलिस आरोपी निरंजन के घर से वैगन आर कार को बरामद कर जप्त किया गया है।



घटना का संक्षिप्त विवरण-

सीएचसी सारंगढ में ईलाज के दौरान बीरूदास की मृत्यु दिनांक 29-06-22 को हुआ है। सारंगढ़ पुलिस द्वारा पंचनामा एवं पोस्टमार्डम कराया गया है, पीएम रिपोर्ट में मृतक बीरूदास की मृत्यु हेड इंजुरी एवं अंदरूनी चोट से शॉक लगने से मृत्यु होना लेख है तथा घटना में घायलों के चोटों का डाक्टरी परीक्षण कराया गया है। मर्ग जांच पर घटना के घायल एवं साक्षी बताये कि मारपीट वाली घटना के 08-10 दिन पहले ग्राम सिंघनपुर के दो लडके मोटर सायकल पर एक लड़की के साथ कोसीर तरफ जा रहे थे जिन्हें ग्राम रक्सा का बंटी उर्फ सूर्या भारद्वाज और उसके दोस्त देखे थे। उसी दौरान लड़कों में बहस झगड़ा हुआ था।

दिनांक 29-06-22 को बंटी अपने साथी तिलकू उर्फ उमेश साहू के साथ कोसीर गुरूजी कम्पलेक्स के पास सेलून में बाल कटवाने गया था, जहां सिंघनपुर के वहीं दोनों लडके बंटी को पहचानकर पुरानी घटना को लेकर गाली गलौज करने लगे और अपने साथियों को मोबाइल पर कॉल कर बुलाये। झगड़ा बढ़ता देख बंटी भी अपने और साथियों को कॉल कर मौके पर बुलाया। कुछ लोग झगड़ा को शांत कराये जिसके बाद मारपीट करने वाले चिंकी ऊर्फ प्रशांत वेगनआर क्रं0 सीजी 13 एबी 1991 में रक्सा जा रहे बंटी और उसके साथियों का पीछा कर उनके मोटर सायकल को डंडा से मारे और उनका पीछा कर रक्सा पहुंचे, जहां मुक्तिधाम के पास रात्रि करीब 9 बजे बंटी और उसके साथियों को जान से मारने के लिये चिंकी ऊर्फ प्रशांत अपने वेगनआर को उनके उपर चढा दिया। वेगनआर की ठोकर से बीरूदास महंत, लोकेश बनज , विजय राव, प्रवीण श्रीवास घायल हो गये थे तथा उनका मोटर सायकल पैशन प्रो क्षतिग्रस्त हो गया, घायलों को डायल 112 द्वारा सीएचसी सारगढ़ ले जाकर भर्ती कराया गया, जहाँ ईलाज दौरान बीरूदास महंत दिनांक 29.06.22 के रात्रि फौत हो गया। आरोपियों पर धारा 302, 307, 34 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

गिरफ्तार आरोपी निरंजन बंजारे पिता मंगता राम बंजारे उम्र 55 वर्ष निवासी जुनवानी नवापारा थाना भटगांव जिला बलौदा बाजार घटना दिनांक 29.06.2022 से अपने बेटी नाती दीप कुर्रे और चिंकी उर्फ प्रशांत को संरक्षण देकर घटना में प्रयुक्त वाहन वैगनआर सीजी 13 एबी 1991 के साथ अपने घर में छुपा कर रखा था। दिनांक 06.08.2022 को कोसीर पुलिस दबिश देने पर आरोपी निरंजन बंजारे दोनों आरोपियों को भगा दिया गया। आरोपी के कब्जे में रखे घटना में प्रयुक्त वैगनआर को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया तथा आरोपी निरंजन बंजारे के कृत्य पर प्रकरण में धारा 212, 201, 34 भादवि विस्तार कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है, फरार आरोपियों के मिलने के सम्भावित हर ठिकानों पर कोसीर टीआई रूप नारायण साय के नेतृत्व में पुलिस की दबिश जारी है।

# कृष्णापुर से गुम हुई महिला को पुलिस ने कनकबीरा क्षेत्र में से किया दस्तयाब

**रायगढ़।** कोतरारोड थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कृष्णापुर में रहने वाली महिला वृंदा चौहान (40 साल) दिनांक 30.07.2022 को घर में बिना बताए कहीं चली गई थी। गुम महिला के घरवाले अपने गांव तथा आसपास के रिस्तेदार से संपर्क कर अपने स्तर पर महिला की खोजबीन किए, पता नहीं चलने पर थाना कोतरारोड़ में गुम इंसान दर्ज कराये। थाना प्रभारी कोतरा रोड उपनिरीक्षक गिरधारी साव द्वारा थाने का प्रभार लेते लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान डायरी का समीक्षा किया गया जिस पर वयस्क महिला के अब तक नहीं मिलने पर जांचकर्ता से पूछताछ कर जानकारी



प्राप्त किए और गुम महिला के पति से संपर्क कर रिश्तेदारों के निवास की जानकारी और संपर्क नम्बर लेकर गुम महिला के संबंध में संबंधित थाना, चौकी प्रभारियों को गुम इंसान की जानकारी देकर बीट पुलिसकर्मी से रिस्तेदारों के यहां तस्दीक कराने कहा गया। तदउपरांत गुम महिला के ग्राम भोजूमुड़ा कनकबीरा में होने की जानकारी मिलने पर स्टाफ द्वारा महिला को थाने लाया गया। गुम महिला बताई कि काफी दिनों से अपने चाचा व रिश्तेदार से नहीं मिली थी इसलिए मिलने चली गई थी।

# प्रेमिका ने की खुदखुशी, प्रेमी युवक को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़।** थाना तमनार क्षेत्र की युवती के साथ लैलूंगा का सूरज तिग्गा पिछले 5 साल से प्रेम प्रसंग रखा, उसे शादी का सपने दिखाया फिर धोखा देकर दूरी बनाने लगा जिससे क्षुब्द होकर युवती फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मर्ग जांच पर युवक प्रेम प्रसंग बनाकर धोखेबाजी कर युवती को गाली गलौच कर छोड़ देने से युवती आत्मग्लानि महसूस कर खुदखुशी कर लेना पाये जाने पर आरोपित युवत के विरूद्ध धारा 306 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर कल दिनांक 07.08.2022 को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

थाना तमनार के मर्ग क्रमांक मर्ग क्रमांक 11/2021 की मृतिका




(20 वर्षीय) के मर्ग जांच पर पाया गया कि युवती पढाई के दौरान खेल स्पर्धा में शामिल होने लैलूंगा गई थी, जहां सूरज तिग्गा (24 साल) थाना लैलूंगा से जान परिचय हुआ। दोनों के बीच लगभग 05 वर्ष से प्रेम संबंध चल रहा था। युवती अक्सर युवक के घर भी जाती थी। सूरज युवती को शादी करने का प्रलोभल दिया था। दिनांक 26.02.2021 को युवती अपने चाचा के साथ शादी में शामिल होने का बहाना कर ग्राम कटकलिया गयी थी। जहां उसका चचेरा भाई मिला, उसका चाचा युवती को कटकलिया में छोड़कर चला गया। जहां युवती और उसके भाई के साथ सूरज का व्यवहार ठीक नहीं था, सूरज युवती को उसके चचेरा भाई के सामने गाली गलौच किया और उससे पीछा छुड़ाने अपने गांव चला गया। युवती अपने चचेरा भाई के साथ सूरज के गांव घर गई, जहां सूरज और युवती के बीच झगड़ा विवाद हुआ जिसके बाद युवती अपने घर आ गई। उस रात युवती काफी परेशान थी। सूरज को मोबाइल पर बात की फिर दोनों में कहा सुनी हुआ। युवती की मां उसे समझाई, युवती मुझे कुछ देर अकेला छोड़ दो बोली और कमरे में जाकर अपने दुपटटा को म्यांर में बांधकर फांसी लगा ली, घरवाले जीवित है सोंचकर फंदा काटकर उपचार के लिये तमनार अस्पताल लेकर गये। डाक्टर चेक कर मौत हो जाना बताया। मर्ग जांच पर सूरज तिग्गा द्वारा झूठा प्रेम संबंध बनाकर उसे धोखे में रखा उसके व्यवहार, गाली गलौच, झगड़ा करने से युवती दुखी एवं परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आरोपी सूरज तिग्गा पर धारा 306 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया, जहां जेल वारंट पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है।

# मानसून की द्रोणिका मजबूत, आज प्रदेश के अनेक स्थानों में हल्की से भारी बारिश होने की संभावना

**रायपुर (आरएनएस)।** मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपर बने मजबूत चक्रवात के चलते निम्नदाब का असर होने की वजह से रविवार शाम को हुई वर्षा के साथ ही आज प्रदेश में हल्की से मध्यम के साथ ही दक्षिण बस्तर के कुछ स्थानों में भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। मिली जानकारी के अनुसार

एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे लगे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तटीय उड़ीसा और तटीय उत्तरी आंध्र प्रदेश के ऊपर स्थित है, इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मानसून द्रोणिका जैसलमेर, कोटा, रायसेन, सिवनी, दुर्ग, निम्न दाब का केंद्र, और उसके बाद दक्षिण-पूर्व की ओर उत्तर अंडमान सागर तक स्थित है।

प्रदेश में कल दिनांक 8 अगस्त को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है। प्रदेश में कुछ स्थानों पर भारी वर्षा



तथा एक-दो स्थानों पर अति भारी वर्षा होने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यता दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

### छत्तीसगढ़ में अब तक 614.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 614.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 7 अगस्त तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1536.6 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 272.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 364.8 मिमी, बलरामपुर में 294.1 मिमी, जशपुर में 351.6 मिमी, कोरिया में 383.0 मिमी, रायपुर में 403.3 मिमी, बलौदाबाजार में 565.7 मिमी, गरियाबंद में 677.9 मिमी, महासमुंद में 580.8 मिमी, धमतरी में 690.3 मिमी, बिलासपुर में 646.6 मिमी, मुंगेली में 644.1 मिमी, रायगढ़ में 571.6 मिमी, जांजगीर-चांपा में 719.7 मिमी, कोरबा में 485.1 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 569.7 मिमी, दुर्ग में 540.4 मिमी, कबीरधाम में 584.1 मिमी, राजनांदगांव में 638.7 मिमी, बालोद में 712.8 मिमी, बेमेतरा में 397.4 मिमी, बस्तर में 872.8 मिमी, कोण्डागांव में 709.9 मिमी, कांकेर में 806.3 मिमी, नारायणपुर में 703.4 मिमी, दंतेवाड़ा में 881.4 मिमी और सुकमा में 606.4 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

# ट्रेन रद्द करने को लेकर रेल प्रशासन का पुतला जला

- ब्लाक कांग्रेस कमेटी-1 बिलासपुर के नेतृत्व में पुतला दहन

**बिलासपुर (आरएनएस)।** रेलवे प्रशासन के मनमानी के खिलाफ ब्लाक कांग्रेस-1 बिलासपुर शहर द्वारा रेल प्रशासन का पुतला जलाया गया, स्थानीय राघवेन्द्र सभा भवन चौक पर जनता की उपस्थिति में कांग्रेसजनों ने पुतला जलाया, 6 अगस्त से 14 अगस्त तक के लिए 68 ट्रेनें अचानक रद्ध कर दी गई, 1 महीने में तीसरी बार बड़ी संख्या में ट्रेनें रद्ध की गई है, रेलवे के तुगलकी फरमान के विरोध में बड़ी आंदोलन की तैयारी की जा रही है, कांग्रेस नेता महेश दुबे ने इस अवसर पर कहा कि रेल प्रशासन मेन्टेनेंस के नाम पर, नई रेल लाईनों के निर्माण के नाम पर, भाड़ा बढ़ाकर यात्री गाड़ी रद्ध कर रहा है, जबकि मालगाड़ी विशेष रूप से कोयला ढोने वाली गाडिय़ों को रद्ध नहीं किया जाता बबिल्क उनकी संख्या बढ़ाई जा रही है रेल प्रशासन की मंशा स्पष्ट है कि व्यापारीक रूप से कार्य कर रहा है। कांग्रेस नेता अभय नारायण राय ने कहा कि देश भर में रक्षाबंधन का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाता है प्रत्येक वर्श राखी के समय ट्रन में यात्री करने वालों की संख्या बढ़ जाती है, ठीक राखी के 7 दिन पहले एक साथ 68 ट्रेनों को रद्ध करना रेलवे का निकम्मापन है, हजारों यात्रियों को अपनी यात्रा रद्ध करनी पड़ी और पैसा रिफण्ड लेने के लिए लाईन में लगना पड़ रहा है।



ब्लाक कांग्रेस कमेटी-1 अध्यक्ष जावेद मेमन ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार जब से बनी है, रेलवे को बेचने का काम कर रही है, यात्रियों सुविधाओं को कम कर रही है, 650 छोटे-छोटे स्टापेज बंद कर छोटी व्यापारियों व यात्रियों को तकलीफ पहुंचाया है और त्यौहार के समय तानाशाही मानसिकता का परिचायक है। रेलवे के खिलाफ एक बड़ा आंदोलन किया जायेगा।

इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह बाटू ने कहा कि रेलवे के विरूद्ध एक बड़ा आंदोलन किया जायेगा, कांग्रेस नेताओं ने महाप्रबंधक के इस निर्णय की निंदा करते हुए कहा कि त्यौहार के पहले इस निर्णय को रद्ध कर यात्री गाडिय़ों को पुन: बहाल किया जाये। आज पुतला दहन कार्यक्रम में समीर अहमद, बद्री यादव, केशव गोरख, दिलीप पाटिल, अनिल गुलहरे, चंद्रहास केशरवानी, प्रमोद जायसवाल, वरिष्ठ नेता किशोरी गुप्ता, रंजीत सिंह, शिवा मुदलियार आदि शामिल थे।

# 10 दिनों में एक महिला व दूसरे मलेरिया पीड़ित बच्चे की हुई मौत

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के सारकेगुडा आश्रम का मलेरिया पीड़ित एक छात्र मोडियम देवा उम्र 10 वर्ष की जिला अस्पताल में रविवार सुबह छह बजे इलाज के दौरान मौत हो गई है। डॉ. अभय तोमर ने बताया कि शनिवार को गंभीर हालत में छात्र को अस्पताल लाया गया था, छात्र बेहोशी की हालत में था। काफी कोशिश के बाद भी छात्र को बचाया नहीं जा सका। परिजनों के साथ एबीईओ, अधीक्षक भी अस्पताल में मौजूद रहे। छात्र का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में मलेरिया का कहर जारी है, मिरतुर में तामोडी़ आश्रम के एक छात्र की मौत, पुसगुडी की एक महिला की मौत के बाद रविवार को सारकेगुडा आश्रम के छात्र मोडियम देवा की मौत मलेरिया से हुई है। बीजापुर जिले में मलेरिया से दो छात्र एवं एक महिला की मौत बीते 10 दिनों में हुई है।

### बासागुड़ा के 8 ग्रामीण महिलाएं व आश्रम छात्रावास के 22 बच्चे मलेरिया पीड़ित

जिले के नेलसनार के बाद अब बासागुड़ा क्षेत्र में मलेरिया पीड़ितों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। सभी छात्रों को स्वास्थ्य केंद्र बासागुड़ा में भर्ती किया गया है। ज्यादातर मलेरिया पीडि़तों में यहां संचालित हो रहे आश्रमों में अध्यनरत बच्चे हैं। मिली जानकारी के अनुसार बासागुड़ा के आसपास के आश्रम छात्रावास के 22 बच्चों को मलेरिया हुआ है, इसके अलावा 08 ग्रामीण महिलाएं व बच्चे भी शामिल है। सभी छात्रों व ग्रामीणों व दुधमुंहे बच्चों का स्वास्थ केन्द्र बासागुड़ा में उपचार जारी है।

बासागुड़ा के चिकित्सक डॉ. तरूण गोटे के अनुसार अभी आश्रम छात्रावास के लगभग 21-22 बच्चे तथा 08 ग्रामीण, महिला तथा दुधमुंहे बच्चे मलेरिया से पीडि़त हैं। इनका इलाज किया जा रहा है। उन्होने कहा कि ग्रामीणों में जागरूकता की कमी से ऐसी स्थिति निर्मित हो रही है।

# राजधानी में दो दिवसीय खेल मड़ई शुरू

- विशेष रूप से संरक्षित जनजातियों की पारंपरिक खेलों का हो रहा प्रदर्शन
- राज्य स्तरीय आयोजन में 700 प्रतिभागी ले रहे भाग

**रायपुर**



राजधानी रायपुर में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर दो दिवसीय पारंपरिक खेल मड़ई का आयोजन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, कोटा रायपुर आज से शुरू हुआ। इस खेल मडई में राज्य 17 जिलों के लगभग 700 प्रतिभागी हिस्सा ले रहें है। खेल मड़ई में विशेष रूप से संरक्षित जनजातियों की पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

राजधानी के विवेकानंद स्टेडियम कोटा में आयोजित किए जा रहे खेल मड़ई में फुगड़ी, गेड़ी, रस्साकसी, मटका दौड़ सहित अन्य पारंपरिक खेलों में विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस मड़ई में तीरंदाजी विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। जनजातीय महोत्सव में स्कूली बच्चों के साथ ही युवाओं ने भी हिस्सा लिया। आदिम जाति तथा अनु जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य गठन के बाद संभवतः यह पहला अवसर है, जब विशेष रूप से संरक्षित जनजातियों के पारंपरिक खेल मड़ई का इतने व्यापक राज्य स्तर पर आयोजन किया जा रहा है।

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा आयोजित किए जा रहे इस खेल प्रतियोगिता में विभिन्न जनजातीय समुदायों द्वारा पारंपरिक रूप से खेले जाने वाले खेल जैसे तीरंदाजी, गुलेल, मटका दौड़, गिल्ली डंडा, गेड़ी दौड़, भौरा, फुगडी, बिल्ला रस्साखींच, सत्तुल, भारा दौड, बोरा दौड, सुई धागा दौड, मुदी लुकावन, तीन टंगड़ी दौड़ तथा नौकायन आदि का आयोजन किया जा रहा है। बालक एवं बालिकाओं हेतु दो वर्ग 14 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग तथा खुली प्रतियोगिता अंतर्गत 18 वर्ष एवं अधिक की महिला एवं पुरुष हेतु पारंपरिक रूप से खेले जाने वाली खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि जिला स्तर पर जनजातीय अभिकरण क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विकासखण्डों से खेलवार विशेष संरक्षित जनजातीय समुदायों से एंट्री आमंत्रित कर विगत 22 से 28 जुलाई तक खेल प्रतियोगिता जिलों में आयोजित की गई थी। जिला स्तर से चयनित प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480